ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान बाल्को में....

बाल्को 15.12.2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सानिध्य में ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह अभियान के अंतर्गत राजयोग केन्द्र में एक परिचर्चा का आयोजन किया  भ्राता हितानंद अग्रवाल पार्षद ने कहा कि धरती हमारी माता है और इसे हरा भरा बनाना और स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। भौतिक स्थूल स्वच्छता के साथ हमें आवश्यकता है मन को शांत और सकारात्मक सोच देने की। आपने मोबाईल फोन से स्वच्छता एप **Swachhata MoHUA app** पर स्वच्छता से संबंधित शिकायत करने की अपील की।  ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने कहा कि एक समय था, जबकि यह प्रकृति सतयुग में सम्पूर्ण सतोप्रधान एवं सुखदायी थी। अपने स्थान पर एक दीपक स्वच्छता का स्वयं का जगायें इससे ही अनेक दीपक स्वतः ही जग जायेंगे। भ्राता कमल कर्माकर पूर्व महाप्रबंधक बाल्को ने कहा कि समयकाल और युगकाल के अनुसार ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता का स्वरूप बदला है। प्रकृति ने हमें असीमित ऊर्जा के श्रोत निःशुल्क दिये हैं जिनका प्रयोग करना चाहिए।  डॉ. के सी देबनाथ ने कहा कि जब हम गन्दगी सड़क फैलाते हैं, तो वह जमाव बढ़ता जाता है और यही बीमारी का कारण बनता है। इसके साथ वायुमण्डल भी दूषित होता है और यह बदबू का भी कारण बनता है। भ्राता जी.पी.यादव पूर्व विधिक अधिकारी बाल्को ने कहा कि बाह्य ऊर्जा के साथ साथ अपने घर की ऊर्जा, अपने आसपास की ऊर्जा, अपने समाज की ऊर्जा की बचत करना आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने कहा कि हम जो एयर कण्डीसनर व रेफरीजरेटर अपने आराम के लिये उपयोग करते हैं, लेकिन इसमें उपयोग होने वाली गैस क्लारोफलोरो कार्बन से ओजोन परत का क्षरण करती है। जोकि पृथ्वी पर सूर्य से आने वाली किरणों के कारण कैन्सर, मोतिया बिन्दु, त्वचा इलर्जी, रोग प्रतिरोधक क्षमता, पाचन तंत्र को कमजोर करने का कारण बनती है। ब्रह्माकुमारी पुष्पलता बहन ने मन की स्वच्छता तथा आंतरिक ऊर्जा बढ़ाने के लिये राजयोग का अभ्यास कराया। भ्राता शेखरराम ने मंच संचालन तथा डॉ. ऐ.पी.पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।  कार्यकम के अंत में एक रैली का आयोजन किया गया तथा सभी ने मिलकर सार्वजनिक स्थल बस स्टैण्ड की सफाई की।

मानवता की सेवा में ब्रह्माकुमारी रूकमणी